**जल जीवन मिषन कार्यक्रम के अर्न्तगत जनपद बस्ती मे जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) के सदस्यों व समस्त कार्यदायी संस्थाओ के साथ अधोहस्तक्षरी की अध्यक्षता मे दिनांक – 27.06.2026 को आहूत बैठक की कार्यवृत्त :–**

## कार्यवृत्त

अधोहस्तक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिषन के अर्न्तगत जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) के सगंठनात्मक स्वरूप को सुदृढ. बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन, मुल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति (DWSM) के सदस्यों तथा उत्तर प्रदेष जल निगम (ग्रामीण), बस्ती के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक दिनांक 27.05.2026 को साायं 5:00 बजें जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित की गयी । आयोजित बैठक में निम्नलिखित द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

1. मुख्य विकास अधिकारी। (सदस्य)
2. अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण), बस्ती। (सचिव)
3. जिला विकास अधिकारी। (सदस्य)
4. प्रभागीय वनाधिकारी। (सदस्य)
5. जिला मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती। (सदस्य)
6. जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी बस्ती। (सदस्य)
7. जिला कृषि अधिकारी बस्ती। (सदस्य)
8. जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी बस्ती। (सदस्य)
9. अधिशासी अभियंता भू–गर्भ जल विभाग बस्ती। (सदस्य)
10. अधिशासी अभियंता, वाटर रिसोर्सेज/सिचाई खण्ड–04 बस्ती। (सदस्य)
11. समस्त सहायक अभियंता जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
12. प्रोजेक्ट मैनेजर मेंर्सस मेघा इंजीनियरिंग बस्ती।
13. प्रोजेक्ट मैनेजर मेंर्सस वी0एस0ए0 बस्ती।
14. प्रोजेक्ट मैनेजर मेंर्सस जैक्शन बस्ती।
15. प्रोजेक्ट मैनेजर मेंर्सस नालन्दा इंजीकॉन बस्ती।
16. समस्त स्टाफ डी0पी0एम0यु0, जिला प्रयोगशाला टीम एवमं टी0पी0आई0ए0,बस्ती।

बैठक में सर्वप्रथम सहायक अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अर्न्तगत पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित कार्यदायी संस्थाओं के कार्यो की प्रगति के सम्बन्ध मे पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया गया। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि जनपद में कार्यदायी संस्थाओं के कार्यो की प्रगति अपेक्षाकृत सन्तोषजनक नही है तथा ग्रामीण क्षेत्रों से इनके विरूद्ध सडक पुनर्स्थापना एवं नियमित जलापूर्ति को लेकर प्रतिदिन शिकायतें प्राप्त हो रही है जिसमें सुधार करने की आवष्यकता है।

तदोपरांन्त कार्यदायी संस्थावार निमार्ण कार्यो की समीक्षा की गयी जिसका विवरण निम्नवत हैं:–

1. **मेंर्सस मेघा इंजिनियरिंग फेज–2** :– फर्म द्वारा कुल 211 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 213 नग नलकूप, 211 नग शिरोपरि जलाशय, 213 सोलर अधिष्ठापन, 213 नग पम्प हाऊस व 61920 गृह संयोजन प्रदान किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 211 नग नलकूप, 61 शिरोपरि जलाशय, 210 सोलर अधिष्ठापन, 213 नग पम्पहाऊस व 65921 गृह संयोजन प्रदान किये गए है। शेष कार्य प्रगति पर है ।
2. **मेंर्सस मेघा इंजिनियरिंग फेज–3** :– फर्म द्वारा कुल 460 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 460 नग नलकूप, 459 शिरोपरि जलाशय, 457 सोलर अधिष्ठापन, 460 नग पम्प हाऊस, व 155802 गृह संयोजन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष 448 नग नलकूप, 69 शिरोपरि जलाशय, 415 सोलर अधिष्ठापन, 445 नग पम्प हाऊस व 141928 गृह संयोजन प्रदान किये गए है। शेष कार्य प्रगति पर है ।
3. **मेंर्सस वी0एस0ए0**:– फर्म द्वारा कुल 80 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 81 नग नलकूप, 80 षिरोपरि जलाषय, 80 सोलर अधिष्ठापन, 81 नग पम्प हाऊस व 31747 गृह संयोजन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष 81 नग नलकूप, 65 शिरोपरि जलाशय, 74 सोलर अधिष्ठापन, 79 नग पम्प हाऊस व 30122 गृह संयोजन प्रदान किये गए है। शेष कार्य प्रगति पर है।
4. **मेंर्सस जैक्सन विष्वराज** :–फर्म द्वारा कुल 103 नग पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 103 नग नलकूप, 103 शिरोपरि जलाशय, 100 सोलर अधिष्ठापन, 103 नग पम्प हाऊस व 33367 गृह संयोजन प्रदान किया जाना है जिसके सापेक्ष 100 नग नलकूप, 16 शिरोपरि जलाशय, 79 नग सोलर अधिष्ठापन, 97 नग पम्प हाऊस व 29562 गृह संयोजन प्रदान किये गए है। शेष पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है ।
5. **डी०टी०यू०**–जनपद के 14 विकास खण्डों में डी0टी0यू0 पूर्ण कर लिया गया है जिसका डी०टी०यू० के माध्यम से 563 के सापेक्ष 545 का सत्यापन कर लिया गया है। शेष 32 ग्रा0पं0 में से 12 ग्रा0पं0 के एल0जी0डी0 कोड में त्रुटि के कारण इनका डी0टी0यू0 मुल्यांकन लम्बित है तथा 20 ग्राम पंचायते नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत है, जिनका मुल्यांकन जल निगम (नगरीय) द्वारा किया जाना है।
6. **हर घर जल** :–जनपद के 14 विकास खण्डों के 691 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 558 ग्राम पंचायतों में पूर्ण कर लिया गया है(80.75 प्रतिशत)
7. **जल अपर्ण**'– जनपद के 14 विकास खण्डों में जल अर्पण 220 के सापेक्ष 57 पूर्ण कर लिया गया है
8. **नियमित जलापूर्ति**:– जनपद में कुल 3 फर्मो द्वारा कार्य किया जा रहा है। 1–मेंर्सस मेघा इंजिनियरिंग फेज–2 व फेज– 3 को कुल आवंटित गांव 1924 के सापेक्ष कमीशन 1347 है। जिसमें से रेगुलर वाटर सप्लाई 1096 में किया जा रहा है। 2–मेंर्सस वी0एस0ए0:– को कुल आवंटित गांव 306 के सापेक्ष कमीशन 250 है । जिसमें से नियमित जलापूर्ति 231 में किया जा रहा है। 3–मेंर्सस जैक्सन विश्वराज को कुल आवंटित गांव 337 के सापेक्ष कमीशन 199 है। जिसमें से नियमित जलापूर्ति 174 में किया जा रहा है। कुल 2567 के सापेक्ष 1796 कमीषन है व नियमित जलापूर्ति 1501 में किया जा रहा है।
9. नल जल मित्र:–जनपद के 14 विकास खण्डों में नल जल मित्र 2108 के सापेक्ष 749 पूर्ण कर लिया गया है।

समीक्षोपरांत मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा पोर्टल पर नल जल मित्र के पंजीकरण की धीमी प्रगति के सम्बन्ध नाराजगी व्यक्त की गयी, तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी (बी0डी0ओ0) को निर्देशित किया गया, कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों से दो प्रतिभागियों के नाम उपलब्ध कराना सुनिष्चित करें, जिससे कि पोर्टल पर पंजीकरण किया जा सकें। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा नियमित जलापूर्ति हेतु समस्त विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने–अपने

विकास खण्डों में नियमित पेयजल आपूर्ति हो रहा है कि नही इसका सत्यापन कराते हुए विवरण करें, और यह भी सुनिष्चित करा ले कि स्कूल व आगनबाडी में नल कनेक्षन दिया गया है कि न ग्रीष्मकाल को ध्यान मे रखते हुए पूर्ण/आंशिक संचालित पेयजल योजनाओं से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय। यदि कार्यो की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलिता पायी जाती है तो सम्बधित कार्यदायी संस्था के विरूध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को यथाशीघ्र O&M में ले जाना सुनिष्चित करें। जिन परियोजनाओं का Live Status Portal पर Show नहीं हो रहा है, उन्हें तत्काल सही कराया जाये। 192 पेयजल योजनाओं जिन पर पूर्व में धनावंटन हुआ है उन पर क्या कार्य कराया गया है इसका विवरण अगली बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देषित किया गया अन्त में एकल ग्राम पेयजल योजना पर शासन की प्राथमिकता के अनुसार निर्धारित समयांतर्गत समस्त कार्यो को पूर्ण कराते हुए योजनाओं का हस्तान्तरण तथां संचालन एवं अनुरंक्षण (O&M) में ले जाने की कार्यवाही की अपेक्षा की गयी । अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| अधिशासी अभियन्ता<br>उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बस्ती । | अधिशासी अभियन्ता<br>सिंचाई खण्ड–04, बस्ती । | अधिशासी अभियन्ता<br>भू–गर्भ जल विभाग, बस्ती । |
| जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी<br>बस्ती । | जिला कृषि अधिकारी<br>बस्ती । | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी<br>बस्ती । |
| जिला विकास अधिकारी<br>बस्ती । | प्रभागीय वनाधिकारी<br>वन विभाग, बस्ती । | मुख्य चिकित्साधिकारी<br>बस्ती । |
| मुख्य विकास अधिकारी<br>बस्ती । | | जिलाधिकारी<br>बस्ती । |

## कार्यालय जिलाधिकारी बस्ती।

पत्रांक 475/ M-30 /07 दिनांक 10/07/2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिषासी निदेशक, राज्य पेयजल स्वच्छता मिषन, लखनऊ ।
2. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता(गो0 क्षे0), उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), गोरखपुर ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बस्ती ।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), बस्ती ।
6. समस्त सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, बस्ती ।
7. समस्त प्रोजेक्ट मैनेजर, कार्यदायी संस्था, बस्ती।

जिलाधिकारी
बस्ती ।